# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

## जनसंपर्क कार्यालय
## PUBLIC RELATIONS OFFICE


ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### सामाजिक रक्षा से जुड़े कानूनों पर जागरूकता लाना जरूरी : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह
### सामाजिक रक्षा मुद्दे पर समाज कार्य शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्घाटित

वर्धा, 26 दिसंबर 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान द्वारा अनुदानित एवं विश्वविद्यालय के वर्धा समाज कार्य संस्थान की ओर से आयोजित सामाजिक रक्षा मुद्दे पर समाज कार्य शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय (26-28 दिसंबर) प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह






की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में अनेक प्रकार की सामाजिक समस्याएं पैदा हो रही हैं, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर आघात हो रहा है। ऐसे में सामाजिक रक्षा एक जरूरी उपकरण साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक रक्षा से जुड़े कानून और उपाय जानने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन गुरूवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में मातृसेवा संघ, नागपुर के समाजकार्य विभाग के प्रो. केशव वाल्के ने कहा कि राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान वृद्धों के कल्याण, मानव तस्करी, तृतीय पंथी एवं भिखारियों को लेकर समाज में जागरूकता लाने का कार्य करता है। उन्होंने समाज में व्याप्त समस्याओं के उपायों की चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक कार्य के अध्यापक एवं विद्यार्थियों को मिलकर इन समस्याओं का समाधान करना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, गुजरात आदि राज्यों से 40 से अधिक शिक्षक शामिल हुए हैं।

कार्यक्रम की प्रास्ताविकी एवं स्वागत वक्तव्य वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. बंशीधर पाण्डेय ने दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण एवं कुलगीत से तथा समापन राष्ट्रगान से किया गया। डॉ. जगदीश नारायण तिवारी ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. शिव सिंह बघेल ने किया तथा डॉ. के बालराजू ने आभार माना। इस अवसर पर विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. वागीश राज शुक्ल, डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवाजी जोगदंड, डॉ. गजानन निलामे, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. अभिषेक सिंह ने सहयोग किया।


पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

| | | |
|---|---|---|
| ज्ञान शांति मैत्री | **महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**<br>(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)<br>**जनसंपर्क कार्यालय**<br>**PUBLIC RELATIONS OFFICE** | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव |

**सामाजिक सुरक्षेशी संबंधित कायद्या विषयी जागृती आवश्यक : प्रो. कृष्ण कुमार सिंह**

**सामाजिक संरक्षण विषयावर सामाजिक कार्य शिक्षकांसाठी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ**

वर्धा, 26 डिसेंबर 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात सामाजिक न्याय आणि सक्षमीकरण मंत्रालय, भारत सरकारच्या अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक संरक्षण संस्थेद्वारे अनुदानित आणि विश्वविद्यालयाच्या वर्धा समाज कार्य संस्थानच्या वतीने आयोजित सामाजिक संरक्षण विषयावर सामाजिक कार्य शिक्षकांसाठी तीन दिवसीय (26-28 डिसेंबर) प्रशिक्षण कार्यक्रमाच्या उद्घाटन प्रसंगी अध्यक्ष म्हणून बोलतांनाकुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह म्हणाले की, सध्याच्या काळात अनेक प्रकारच्या सामाजिक समस्या निर्माण होत असून त्यामुळे सामाजिक जडणघडण प्रभावित होत आहे. अशा परिस्थितीत सामाजिक सुरक्षा हे अत्यावश्यक साधन ठरत आहे. सामाजिक सुरक्षेशी संबंधित कायदे आणि उपाययोजना जाणून घेण्यासाठी प्रशिक्षण कार्यक्रम उपयुक्त ठरेल् असे ते म्हणाले. गुरूवारी दत्तोपंत ठेंगडी सभागृहात गुरूवारी कार्यक्रमाचे उद्घाटन करण्यात आले.

यावेळी विशेष वक्ता म्हणून मातृसेवा संघ नागपूरच्या समाजकार्य विभागाचे प्रो. केशव वाल्के म्हणाले की राष्ट्रीय सामाजिक संरक्षण संस्था ही वृद्धाचे कल्याण, मानवी तस्करी, तृतीयपंथी आणि भिकारी यांच्या कल्याणाबाबत समाजात जागृती करण्याचे काम करते. समाजात प्रचलित समस्यांवरील उपायांवर चर्चा करताना ते म्हणाले की, या समस्या सोडविण्यासाठी समाजकार्य शिक्षक व विद्यार्थ्यांनी एकत्रितपणे काम केले पाहिजे. या प्रशिक्षण कार्यक्रमात महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगड, गुजरात आदी राज्यातील 40 हून अधिक शिक्षक सहभागी झाले आहेत.

कार्यक्रमाचे प्रास्ताविक व स्वागत भाषण वर्धा समाज कार्य संस्थेचे निदेशक तथा कार्यक्रमाचे समन्वयक प्रो. बंशीधर पांडे यांनी केले. कार्यक्रमाची सुरुवात दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती मातेच्या फोटोला पुष्पहार अर्पण करून आणि कुलगीताने झाली तर राष्ट्रगीताने सांगता झाली. डॉ. जगदीश नारायण तिवारी यांनी प्रास्ताविक केले. संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल यांनी केले तर आभार डॉ. के बालराजू यांनी मानले. यावेळी विधि विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, मुख्य वसतिगृह अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, डॉ. वागीश राज शुक्ला, डॉ. विजयकुमार सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे उपस्थित होते.

कार्यक्रमाच्या यशस्वीतेसाठी सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवाजी जोगदंड, डॉ. गजानन निलामे, डॉ. ज्योती कुमारी, डॉ. अभिषेक सिंह यांनी सहकार्य केले.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305